## महत्वपूर्ण एवं खास

### आलू के बीच छिपा रखा था 50 लाख, पुलिस ने किया बरामद

**रायपुर (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव मद्देनजर आरंग पुलिस द्वारा रात्रि में महासमुंद तिराहे के पास चेकिंग के दौरान आलू से भरे पिकअप जिसमे ढेंकानाल ओडिसा निवासी ड्राइवर प्रताप प्रधान था, को रुकवाया गया तो उसके अंदर कार्टून में छिपा कर रखा लगभग 50 लाख रुपए मिला। पैसे संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज न होने से 102 सीआरपीसी के तहत जप्त किया गया है और इनकम टैक्स विभाग को सूचित किया गया है। पुलिस द्वारा जांच जारी है।जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष सिंह के द्वारा कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी तथा लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर थाना क्षेत्र में चेक पोस्ट और एसएसटी, फ्लाइंग स्क्वाड के माध्यम से राज्य/जिले से बाहर आने जाने वाली वाहनो पर सतत निगरानी रखने के उद्देश्य से जगह-जगह चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की तलाशी करने निर्देशित किया गया है, जिसके दौरान यह कार्यवाही की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर के साथ उक्त कार्यवाही में टीआई आरंग सत्येंद्र श्याम, प्रधान आरक्षक ऋषि पटेल, गिरधर प्रजापति एवं अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### बस के इंतजार में खड़े एक ही परिवार के चार लोगों को ट्रक ने रौंदा, सभी की मौत

**राजनादगांव (आरएनएस)।** जिले के चिखली थाना क्षेत्र में मंगलवार को हुए सडक़ हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है। बताया जाता है कि एक तेज र$फतार ट्रक ने सडक़ किनारे खड़े 4 लोगों को अपनी चपेट में ले लिया जिसमें सभी की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार चिखली थाना क्षेत्र के तिलई गांव के पास सडक़ किनारे लोग बस का इंतजार कर रहे थे। तभी वहां खैरागढ़ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने ट्रक पर नियंत्रण खो दिया और सडक़ किनारे खड़े लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक की चपेट में आकर एक मवेशी की भी मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने के बाद चिखली पुलिस घटनास्थल पहुंची और मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि मृतकों में 3 महिला और 1 पुरुष शामिल है जो कि एक ही परिवार के थे और तिलई गांव के ही रहने वाले थे। चारों बस का इंतजार कर रहे थे। वहीं हादसे के बाद ड्राइवर ट्रक लेकर फरार है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### मामूली विवाद पर जीजा ने की साले की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

**गरियाबंद (आरएनएस)।** सीटी कोतवाली थानाक्षेत्र के ग्राम तंवरबहरा में आपसी विवाद के चलते जीजा ने साले की बेरहमी से हत्या कर दी। घटना के बाद परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार खाने को लेकर बीवी और साले से हुए विवाद के बाद आवेश में आकर आरोपी जीजा बंशी धुरूव ने कुल्हाड़ी से साले की गर्दन पर वार कर दिया और साले की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने थाने में मामले की सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी बंशी ध्रुव को गिरफ्तार कर लिया।

### ई-रिक्सा पलटने से बुजुर्ग महिला की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम नारा से भानसोज रोड में ई-रिक्सा पलटने से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ई रिक्सा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका चंदा देवी बंजारे 65 वर्ष ग्राम गोढ़ी की रहने वाली थी। बताया जाता है कि वह ई-रिक्सा क्रमांक सीजी 04 पीक्यू 9802 में बैठकर कहीं जा रही थी। तभी ग्राम नारा से भानसोज मेन रोड पर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ई रिक्सा को पलटा दिया। जिससे चंदा देवी के सिर पर चोट लगने से उसकी मौत हो गई।

# सुरक्षाबलों ने अबूझमाड़ के जंगलों में माओवादियों को घेरा



**रायपुर | आरएनएस**

अबूझमाड़ के जंगलों में एक बार फिर सुरक्षा बलों ने नक्सलियों को घेर लिया है। छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की बार्डर पर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। जानकारी के मुताबिक सुरक्षा बलों ने तीन,चार नक्सलियों को मार गिराया है। नारायणपुर पुलिस ने अबूझमाड़ के टेकामेटा इलाके में नक्सलियों को घेर रखा है। मंगलवार सुबह से ही भारी गोलाबारी चल रही है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र बॉर्डर के टेकामेटा इलाके में भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर सोमवार की देर रात जवान सर्च ऑपरेशन पर निकल गए थे। जवान मंगलवार की सुबह जब इस इलाके में पहुंचे तो यहां नक्सलियों ने उन्हें देखते ही फायर करना शुरु कर दिया। इसके बाद जवानों ने भी नक्सलियों की गोलियों का जवाब दिया और फायरिंग शुरु कर दी। सूत्रों की मानें तो यहां पर बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं।

बताया जा रहा है कि, जवानों ने नक्सलियों को घेर रखा है। शुरुआती जानकारी में 3 से 4 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। हालांकि, औपचारिक रुप से अभी पुलिस के द्वारा कोई जानकारी नहीं दी गई है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक अभी ऑपरेशन चल रहा है। जैसे ही स्थिति बनेगी वैसे ही जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। कांकेर में हुए सर्जिकल ऑपरेशन के बाद नक्सली बौखलाए हुए हैं। नक्सली किसी बड़े हमले की फिराक में हैं। चुनाव के दौरान भी नक्सलियों के नापाक मंसूबों को सुरक्षा बलों ने नाकाम कर दिया था। कांकेर की मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 29 नक्सलियों को मार गिराया था। इस ऑपरेशन के दौरान तीन जवान गोली लगने से घायल भी हुए थे।

### अबूझमाड़ में हुई मुठभेड़, 4 माओवादी ढेर

बस्तर संभाग के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में अब तक 4 माओवादियों के मारे जाने की जानकारी मिल रही है। फिलहाल मुठभेड़ जारी है। इस मुठभेड़ पर बस्तर रेंज आईजी पी. सुंदरराज, नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार समेत सूबे के नक्सल ऑपरेशंस से जुड़े तमाम अधिकारी लगातार अपडेट ले रहे है। शुरुवाती जानकारी के मुताबिक डीआरजी और एसटीएफ की एक ज्वाइंट टीम अबूझमाड़ के जंगल में कई जगहों पर नक्सलियों की घेराबंदी कर चुकी है। इस दौरान माओवादियों की ओर से सुरक्षाबल पर फायरिंग की गई। जिसके बाद जवानों ने भी ताबड़तोड़ जवाबी कार्यवाही करते हुए गोलियां चलाई है। बताया जा रहा है अब भी मौके पर गोलीबारी हो रही है। अब तक सुरक्षाबल के जवानों ने 4 नक्सलियों को मार गिराया है। मुठभेड़ खत्म होने के बाद ही वास्तविक संख्या का पता चल पाएगा। खबर लिखे जाने तक जवानों को कोई नुकसान नहीं हुआ था।

### मुठभेड़ में फिर ढेर हुए 10 नक्सली

नारायणपुर-कांकेर के सीमावर्ती इलाके में डीआरजी-एसटीएफ जवानों की संयुक्त पार्टी के साथ हुए मुठभेड़ में दो महिला सहित दस नक्सलियों के मारे गये है। मुठभेड़ के बाद सर्चिंग के दौरान जवानों ने मौके से नक्सलियों के शव के साथ एक एके-47 के साथ बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के टेकामेटा इलाके में बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। सूचना के आधार पर सोमवार देर रात जवान सर्चिंग पर निकल गए थे तथा मंगलवार की सुबह जब उक्त क्षेत्र में पहुंचे तो नक्सलियों ने जवनों को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। जिसपर जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे गये है जिनमे दो महिला नक्सली भी शामिल है। पुलिस मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त की कोशिश कर रही है। बताया जा रहा है कि यहां पर माओवादियों के बड़े कैडर्स मौजूद थे। नक्सलियों का डीवीसी और सीसी मेम्बर होने की खबर है। मौके से पुलिस ने कुछ नक्सलियों के शव के साथ ही एक एके-47 के साथ बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। साथ ही जेसीबी मशीन, बड़ी मात्रा में राशन जप्त तथा कंप्यूटर भी बरामद किया गया है।

**मतदाता जागरूकता म्यूजिक कंसर्ट**

# सात समुंदर पार गीत पर ज्योति यादव ने दी सुंदर नृत्य प्रस्तुति

**सारंगढ़-बिलाईगढ़**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के मुख्य आतिथ्य में जिला प्रशासन द्वारा सारंगढ़ में मतदाता जागरूकता म्यूजिक कंसर्ट का आयोजन सोमवार की शाम को किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत आदित्य देवांगन ने बांसुरी वादन से किया। सत्यम शिवम सुंदरम का शीर्षक गीत मैक्स और मार्टिन सोनी ने युगल प्रस्तुत दी। इसी प्रकार भाव्या अग्रवाल ने मोर छत्तीसगढ़ महतारी की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मध्य में सामूहिक रूप से मतदाता शपथ दिलाया गया और सुबह मतदाता दौड़ के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इसी के साथ-साथ मतदाता जागरूकता दूत के रूप में स्वच्छता दीदी, दूध, सब्जी विक्रेता सहित अन्य इच्छुक सहयोगियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। ये दूत अपने कार्य के साथ मतदान तिथि 7 मई को वोट देने के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे।



इस कार्यक्रम में गोविंद शर्मा इवेंट मैनेजर के माध्यम से कलाकार बुलाए गए थे, जिनके द्वारा गीत- दिल को हजार बार रोका, लग जा गले, बड़े अच्छे लगते हैं, ये दिल तुम बिन कहीं लगता नहीं और ओडिया गीत मोर गुलाबी गली रे, रोंगोबोती, पंजाबी गीत तारा रा, छत्तीसगढ़ी गीत आमा पान के पतरी आदि की प्रस्तुति दी गई। स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान द्वारा पल पल दिल के पास तुम रहती हो, गीत का गायन किया गया। आयोजक के आव्हान पर ये देश है वीर जवानों का गीत पर सामूहिक रूप से नृत्य किया गया। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने दर्शक दीर्धा को मंच पर आकर नृत्य करने का आव्हान किया और दिव्या भारती अभिनीत गीत सात समुंदर पार गीत बजाया गया, जिस पर एक बालक और ज्योति यादव ने अपने नृत्य कला से पूरे कार्यक्रम में अपनी सबसे बेहतरीन प्रस्तुति दी। ज्योति यादव के नृत्य को सभी ने सराहा और उनके परफार्मेन्स के लिए तालियों की गड़गड़ाहट से उनका हौसला आफजाई की। उल्लेखनीय है कि ज्योति यादव साई शक्ति महिला स्वसहायता समूह से जुड़ी है। इस अवसर पर एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन, डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू, वर्षा बंसल, सीएमओ राजेश पांडेय, खाद्य अधिकारी चित्रकांत धुरव आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन आर.बी. तिवारी ने किया।

## जीजा ने किया साले की कुल्हाड़ी मारकर हत्या, कोतवाली पहुंच किया समर्पण

**गरियाबंद (आरएनएस)।** जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर गांव में जीजा ने कुल्हाड़ी मारकर अपने साले की हत्या कर अपने आप को पुलिस के सामने समर्पण कर दिया।घटना की जानकारी मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई।घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंडरी पानी निवासी सनत कुमार ध्रुव जो तावरबाहरा ग्राम में अपने जीजा बंशीलाल ध्रुव के घर कुछ महीनो से रह रहा था,उसी दौरान सोमवार के शाम छै बजे के लगभग जीजा बंशीलाल कुल्हाड़ी से सनत के ऊपर हमला कर दिया जिससे सनत की मौत हो गई।घटना के विषय में ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी बंशीलाल शाम छै बजे अपनी पत्नी के साथ झगड़ा कर रहा था,और अपनी पत्नी को मारने के लिए कुल्हाड़ी उठाया तभी उनके झगड़ा में बीच बचाव करने सनत बीच में आ गया जिससे बंशी लाल के द्वारा कुल्हाड़ी से सनत के गर्दन के नीचे वार किया जिससे मृतक सनत वही नजदीक बिछे पलंग में गिरा और उसकी मौत हो गई ।घटना के बाद आरोपी बंशीलाल स्वयं सिटी कोतवाली पहुंचकर घटना की जानकारी दिया।वही जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी कृष्ण प्रसाद जांगड़े,सहायक उप निरीक्षक टीकाराम अपने बल के साथ मौके पर पहुंचे और पंचनामा बनाकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आए और घटना की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिए।

## तेंदुए के हमले से ग्रामीण घायल

**कोरबा | आरएनएस**

तेंदुए के हमले में एक ग्रामीण बुरी तरह से घायल हो गया है। पसान वन परिक्षेत्र के ग्राम गोकुंडा तनेरा में यह घटना सामने आई है। ग्राम अमलकुंडा निवासी बजरु उरांव शौच के लिए पास के नर्सरी में गया हुआ था इसी दौरान यह घटना हुई। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया है।

जानकारी के अनुसार अमलीकुंडा गांव में रहने वाला एक ग्रामीण तेंदुए के हमले में बुरी तरह से घायल हो गया है,जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। घायल का नाम बजरु उरांव है,जो ग्राम गोकुंडा तनेरा स्थित नर्सरी के पास शौच के लिए गया हुआ था,इसी दौरान तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। बजरु की चीख पुकार सुनकर आस पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तब तेंदुआ भाग खड़ा हुआ। लोगों की सहायता से उसे अस्पताल में भर्ती किया गया जहां उसका उपचार जारी है। इस घटना के बाद वन विभाग आस पास के क्षेत्र में मुनादी कर लोगों को तेंदुए से सतर्क रहने की अपील कर रहा है।

## राजद्रोह के आरोपी जीपी सिंह को मिली राहत

**रायपुर (आरएनएस)।** केंद्र सरकार द्वारा अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त किए गए आईपीएस जीपी सिंह को कैट से बड़ी राहत मिली है। कैट ने चार हफ़्तों के भीतर जीपी सिंह से जुड़े सभी मामलों को निराकृत कर बहाल किए जाने का आदेश दिया है। 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी जीपी सिंह को राज्य सरकार की अनुशंसा पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बीते साल जुलाई के महीने में अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी थी। बता दें कि एसीबी की टीम ने एक जुलाई 2021 को सिंह के पुलिस लाइन स्थित सरकारी बंगले के अलावा राजनांदगांव और ओडिशा के 15 अन्य स्थानों पर छापामार कार्रवाई की थी, जिसमें 10 करोड़ की अघोषित संपत्ति के साथ कई संवेदनशील दस्तावेज बरामद किये गये थे। छापे से मिली संपत्ति के आधार पर एसीबी ने जीपी सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में एफआईआर दर्ज किया था, वहीं सरकार ने 5 जुलाई को उन्हें सस्पेंड कर 8 जुलाई की रात को उनके खिलाफ राजद्रोह का केस दर्ज किया था। इस घटनाक्रम के बाद 9 जुलाई 2021 को जीपी सिंह ने हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल की है, जिसमें सीबीआई जांच की मांग की गई।

## छात्रों को डिप्रेशन से बचाने माशिमं की अनूठी पहल

**रायपुर | आरएनएस**

माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम प्रतिवर्ष घोषित किए जाते हैं विद्यार्थियों के अपेक्षित परिणाम नहीं आने से विद्यार्थी प्राय: तनाव में रहते हैं तथा कुछ विद्यार्थी तो डिप्रेशन में चले जाते हैं, राज्य शासन ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने ऑनलाइन दक्षता विकास एवं अभिप्रेरणा प्रशिक्षण आज आयोजित की गई।



अपर मुख्य सचिव रेनू पिल्ले ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम शीघ्र बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित करने जा रहे हैं। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पहले या बाद में विद्यार्थियों को निराश होने या तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है। पालकों को भी बच्चों से बहुत अधिक एक्सपेक्टेशन नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी बच्चे में यह प्रवृत्ति पायी जाती है या इस संदर्भ में कोई भी सूचना मिलती है तो स्वास्थ्य विभाग के टोल फ्री नंबर 104 आरोग्य सेवा नि:शुल्क परामर्श पर सूचित किया जा सकता है । यह टोल फ्री नंबर 24म7 संचालित रहेगा । सूचना प्राप्त होने पर विद्यार्थियों के हित में तत्काल समाधान उपलब्ध कराया जा सकेगा। स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने कहा कि कई बच्चे अपेक्षा अनुसार परिणाम नहीं ला पाते इस स्थिति में तनाव नहीं लेना चाहिए। कम नंबर लाने का मतलब यह नहीं है कि नॉलेज कम है ,कई व्यक्तित्व ऐसे हैं जो अपने बचपन में अच्छे नंबर नहीं ला पाए पर आगे जाकर उन्होंने बहुत ख्याति प्राप्त की। परदेसी ने सभी विभागीय व मैदानी अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

## पाली शराब दुकान लूट मामला : लखपति बनने की लालच में तीन दोस्तों ने लूटा था शराब दुकान

**कोरबा | आरएनएस**

पाली स्थित देशी शराब दुकान में 2.96 लाख रुपए की लूट करने के मामले में तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से एक अमेरिकन पिस्टल व 1.89 लाख रूपये बरामद किया गया। आरोपितों ने जल्द लखपति बनने की लालच में शराब दुकान में लूट की घटना को अंजाम देना बताया।

पाली थाना अंतर्गत संचालित देशी शराब दुकान में 24 अप्रैल की रात लूट की घटना हुई थी। मामले की रिपोर्ट शराब दुकान के सुपरवाइजर विवेक कुमार डिक्सेना ने पाली थाना में दर्ज कराते हुए बताया था कि वह भाई की शादी होने के कारण दुकान प्रभारी सुकांत पांडे से रात्रि 8 बजे अनुमति लेकर चला गया था और दुकान में कर्मचारी अनिल कुमार, बृजेश कुमार, सतेन्द्र श्रीवास उपस्थित थे। रात 9.30 बजे सतेन्द्र श्रीवास ने फोन कर बताया कि दुकान का ग्रील आधा खुला था और ग्रील में सांकल व ताला लगा था। ग्रील के नीचे से तीन अज्ञात व्यक्ति मदिरा दुकान के अंदर जबरदस्ती घुस कर बंदूकनुमा हथियार दिखाकर गाली- गलौच कर बिक्री रकम नगद जिसमें 500, 200, 100 , 50, 20, 10 रुपए के नोट शामिल थे, लूट कर तीनों बाइक से भाग गए। इसीक जानकारी दुकान प्रभारी सुकांत पांडे को मोबाईल से सूचना दिया गया। कुल बिक्री रकम तीन लाख दो हजार 400 रुपए थी। मामले में पुलिस ने धारा 397, 458, 34 के तहत जुर्म दर्ज विवेचना में लिया। इस बीच पाली थाना प्रभारी निरीक्षक चमन सिंह को मुखबिर से सूचना मिली की घटना में प्रयुक्त बाइक सुतर्रा के पास देखा गया है। निरीक्षक सिन्हा ने विषेष टीम गठित कर मौका स्थल पहुंच कर साइबर सेल टीम कोरबा के साथ घेराबंदी की और बाइक क्रमांक सीजी 12 बीएन 3396 के साथ एक युवक को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार करने के साथ ही अपने साथियों का नाम बताया। इस पर पुलिस ने उसके दोनों साथियों को भी गिरफ्तार किया।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने जिला प्रशासन सतर्क

- बाल विवाह रोकने के लिए जिला, जनपद और ग्राम स्तर पर मॉनिटरिंग टीम गठित
- हेल्प लाईन नम्बर 1098 एवं 88392-39688 में भी दे सकते हैं बाल विवाह की सूचना
- बाल विवाह में शामिल लोगों के खिलाफ की जायेगी कड़ी कानूनी कार्यवाही

**गरियाबंद | आरएनएस**

जिला प्रशासन बाल विवाह को रोकने के लिए सतर्क है। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह को रोकने के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति गठित की गई है। यह टीम जिला, जनपद और ग्राम पंचायत स्तर पर बनाई गई है। टीम में शामिल सदस्यगण संभावित बाल विवाह को रोकने अपने आसपास निगरानी बनाये रखेंगे। साथ ही किसी भी जगह बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर रोकने की कार्यवाही करेंगे। बाल विवाह रोकने के लिए बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी के मोबाईल नम्बर- 88392-39688 पर दे सकते है।

कलेक्टर अग्रवाल ने बाल संरक्षण समितियों, बाल विकास सेवा परियोजना एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों को अलर्ट रहकर बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिले के जनप्रतिनिधियों, स्वयं-सेवी संगठनों और आम लोगों से बाल विवाह नहीं होने देने की अपील की है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मिशल वात्सल्य योजना महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि 10 मई शुक्रवार को अक्षय तृतीया का पर्व है। इस दिन गांव एवं शहरों में काफी संख्या में विवाह होते है। साथ ही बाल विवाह होने की भी संभावनाएं बनी रहती है। जो कि कानून अपराध है। इस दिन बाल विवाह को रोकने के लिए जिला स्तरीय एवं पांचों विकासखण्डों में नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति में जिला चिकित्सा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, सहायक श्रमायुक्त, जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य के रूप में शामिल है। सहायक के रूप में समिति में विशेष किशोर पुलिस इकाई के प्रभारी एवं बाल संरक्षण अधिकारी भी शामिल है। इसी प्रकार अनुभाग स्तर निगरानी समिति में एसडीएम, बाल परियोजना अधिकारी, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, सीईओ, तहसीलदार, खंडचिकित्सा अधिकारी शामिल है। पंचायत स्तरीय समिति में सरपच, सचिव, स्कूल प्राचार्य, रोजगार सहायक, ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, मितानिन, महिला स्व-सहायता समूह के कार्यकर्ता, कोटवार, एक-छात्र, एक- छात्रा एवं गणमान्य नागरिक को शामिल किया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU